वर्षः 7- अंकः 28, मुंबई, सोमवार, 06 मार्च, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

मुंबई के हित में फैसला

मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी बीजेपी, जनमत के सम्मान में दिया शिवसेना का साथ : फडणवीस

शिवसेना का रास्ता साफ

मुंबई के मेयर के रूप में शिवसेना के उम्मीदवार की ताजपोशी का रास्ता साफ हो गया है। जहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को घोषणा की कि बीजेपी आठ मार्च को होने वाले मेयर पद के चुनाव में नहीं लड़ेगी। फडणवीस ने यह भी स्पष्ट किया कि बीजेपी के फैसले को उनकी सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए किया गया समर्पण नहीं माना जाना चाहिए।

आदिल खान

मुंबई। मुंबई में बीएमसी चुनाव में शिवसेना को कांटे की टक्कर देने के बाद अब बीजेपी ने मेयर पद का चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि बीजेपी अब मुंबई के मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। साथ ही पार्टी ने डिप्टी मेयर का चुनाव भी नहीं लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला मुंबई की जनता के हितों को देखते हुए और उनके जनमत को सम्मान देने के लिए लिया गया है। बीजेपी मुंबई हित में शिवसेना का साथ देगी। बीजेपी की इस घोषणा के बाद अब मुंबई में शिवसेना का मेयर बनना लगभग तय है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

बीजेपी और शिवसेना ने आंखों में झोंकी धूल

महाराष्ट्र में बीजेपी और शिवसेना सरकार पर विपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा की दोनों ने मिलकर महाराष्ट्र की जनता की आंखों में धूल झोंकी है। दोनों एक-दूसरे आरोप लगाते हैं और फिर एक हो जाते हैं, ये इनका खेल है। विरोधी पक्ष ने सरकार पर कई आरोप लगाए। विपक्ष ने कहा कि सरकार ने किसानों को दरकिनार कर दिया है। किसानों का कर्ज माफ हो ये हमारी मांग है। विपक्ष ने कहा कि बीजेपी राज्य में सत्ता बचाए रखने के लिए हर स्तर तक गई है। इन आरोपों के जवाब के साथ विरोधी दलों ने नोटबंदी से राज्य के राजस्व में हुए नुकसान का भी ब्योरा मांगने का निर्णय लिया है।

गरमा गरम
गाजर हलवा
सुरती उंधीया
MM MITHAIWALA
MALAD (W), TEL: 288 99 501.

आवश्यक सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें।।
(9619102478)

इंडियंस अमेरिका छोड़ो

POLICE LINE DO NOT
सिख व्यक्ति
पर गोली चलाई

न्यूयॉर्क। अमेरिका में एक अज्ञात शख्स ने 39 साल के एक सिख को उसके घर के बाहर गोली मारकर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर ने गोली चलाते समय कथित तौर पर कहा था- अपने देश वापस जाओ। अमेरिकी मीडिया में छपी खबर के मुताबिक यह सिख व्यक्ति **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

काका बार में डांस की आड़ में जिस्मफरोशी

पुलिस को हफ्ता देने का खुलासा

खलील शेख

मुंबई। मुंबई महानगर के पश्चिमी क्षेत्र में जोन-12 के अंतर्गत दिंडोशी पुलिस स्टेशन के अधीन आने वाले मालाड पूर्व में पोद्दार रोड पर स्थित लक्ष्मी नारायण शॉपिंग सेंटर के शॉप नं. 9 और 10 में संचालित काका बार एंड रेस्टोरेंट में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के अपमान की जानकारी तो हमने पहले ही दे दी थी लेकिन काका बार के बारे में जो जानकारी हमें मिली है वह बेहद शर्मनाक है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

Kaka
BAR & RESTAURA

कल पढ़ें काका बार के मालिक जैन साहब के कुकर्मों की काली कहानी?

www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com facebook@mumbaihalchal TWITTER: @mumbaihalchal

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

लोकल ट्रेन विस्फोट आरोपियों की रिहाई खारिज

सलमान खांन

मुंबई। प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मुवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के कथित पांच सदस्यों की रिहाई के खिलाफ की गई अपील को मुंबई सत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया है। मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने इन पांच लोगों को 2016 में रिहा किया था। जिसके खिलाफ अभियोजन पक्ष ने सत्र न्यायालय में अपील की थी। अपील में आरोपी इरफान सैय्यद, मोहम्मद बकाली, फिरोज घासवाला, इमरान अंसारी, व मोहम्मद चिपा की रिहाई को चुनौती दी गई थी। इन पांचों को मुंबई में 2006 में हुए लोकल ट्रेन बम धमाके के बाद गिरफ्तार किया गया था। मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने फरवरी 2016 में इन्हें बरी कर दिया था। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने के लिए अवैध गतिविधि प्रतिबंधक कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था। मैजिस्ट्रेट ने सभी आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया था। निचली अदालत के आदेश से असंतुष्ट अभियोजन पक्ष ने सत्र न्यायालय में अपील की थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि निचली अदालत ने मामले को लेकर पुलिस की ओर से की गई जांच पर गंभीरता से विचार नहीं किया है। जांच के दौरान हमें कई ऐसे सबूत मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि आरोपी सिमी के सक्रिय सदस्य थे। जिसके बाद पुलिस ने 13 अगस्त 2006 को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था मामले में कुल 13 गवाह हैं। जिनके बयान आरोपियों की अवैध गतिविधियों की ओर इशारा करती हैं। किंतु सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने आरोपियों की रिहाई को रद्द करने के संबंध में अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए तर्कों व आधारों को अस्वीकार कर दिया और अभियोजन पक्ष की अपील को खारिज कर दिया।

अस्पताल के कर्मचारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप

मुंबई। महानगर के प्रतिष्ठित हिंदुजा अस्पताल में भर्ती मरीज की बहन ने अस्पताल के एक कर्मचारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक अस्पताल के कर्मचारी ने उससे कहा था यदि वह उसके साथ संबंध बनाने के लिए राजी हो तो उसे उसके भाई के इलाज के बिल में रियायत दी जाएगी। अस्पताल के जिस कर्मचारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है उसका नाम राजेश राव है और वह अस्पताल बोर्ड का सचिव है। माहिम पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद राव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि पीड़िता के भाई का ठाणे में एक्सीडेंट होने के बाद 20 फरवरी 2017 को हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिनों बाद जब उसकी तबीयत ठीक हो गई तो मरीज की बहन को पता चला की अस्पताल के बिल में कुछ छूट मिल सकती है। इसके लिए पीड़िता ने राव से मुलाकात की। पीड़िता के मुताबिक उसने जब राव से बिल में छूट देने की मांग की तो राव ने उससे कहा कि वह उसके साथ घूमे फिरे। इसके साथ ही राव ने इलाज के बिल में रियायत देने की एवज में संबंध बनाने की भी बात कही। इस मामले को लेकर पुलिस उपायुक्त परमजीत दाहिया ने कहा है कि अब तक हमने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

मुंबई एयरपोर्ट के टॉयलेट डस्टबिन से निकली सोने की ईंटें

अजहर मिर्जा

मुंबई। एयरपोर्ट पर एक बार फिर सोना तस्करी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवक के पास से 2 सोने की ईंटें मिली हैं, जो उसने टॉयलेट के डस्टबिन में छुपा दी थीं। आरोपी का नाम मोहम्मद अली बताया जा रहा है. केरल स्थित कसारागौड निवासी अली शनिवार को दुबई से मुंबई आया था।

मुंबई एयरपोर्ट पर ग्रीन चैनल पार करते ही वह इमीग्रेशन काउंटर के पास स्थित टॉयलेट गया। अली ने टॉयलेट में रखे डस्टबिन में सोने की ईंटों को छुपा दिया। अली पूरी तरह इस बात से अनजान रहा कि उसके ऊपर नजर रखी जा रही है। टॉयलेट से बाहर निकलते ही जांच अधिकारियों ने टॉयलेट की तलाशी ली, जिसमें अधिकारियों ने डस्टबिन में पड़ी सोने की दोनों ईंटें बरामद कर ली बरामद ईंटों का वजन दो किलो है, जिनकी कीमत करीब 61 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी मोहम्मद अली के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पूछताछ में अली ने बताया कि उसे यह सोने की ईंटें राशिद नाम के व्यक्ति ने दुबई एयरपोर्ट पर दी थीं. राशिद ने उसे किसी अनजान शख्स को मुंबई में इन ईंटों की डिलीवरी देने को कहा था। फिलहाल एयर इंटेलीजेंस यूनिट मामले की जांच कर रही है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी गोविंदा को अग्रिम जमानत

मुंबई। (सुम्बुल मदनी)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेता गोविंदा को शुक्रवार को बड़ी राहत दी. हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी मंजूर कर ली. दरअसल, झारखंड के पाकुड़ की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने नोटिस जारी कर गोविंदा को 6 मार्च को होने वाली सुनवाई में पेश करने के लिए कहा है. बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि अगर गोविंदा को गिरफ्तार किया जाता है तो उनकी 25,000 रुपए के निजी मुचलके और एक जमानती के आधार पर तत्काल जमानत स्वीकार कर ली जाए. गोविंदा ने 20 साल पुराने मामले में अग्रिम जमानत के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ये मामला 1996 में रिलीज हुई फिल्म ह्यछोटे सरकार के गाने ह्यएक चुम्मा तू मुझको उधार दे से जुड़ा है। इसी गाने पर आपत्ति जताते हुए एक वकील ने 1997 में आईपीसी की धारा 294, 500 (अवमानना) आदि के तहत मुकदमा दर्ज कराया. इस गाने में बिहार का नाम भी आया था। गोविंदा ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए दी अर्जी में कहा कि ये केस सिर्फ उन्हें अपमानित करने और गिरफ्तारी से उनकी साख खराब करने के इरादे से दर्ज कराया गया है। जिस वक्त ये केस दर्ज किया गया था उस वक्त पाकुड़ बिहार में ही आता था। नया राज्य झारखंड बनने के बाद पाकुड़ उसमें आ गया. गोविंदा ने अपनी अर्जी में कहा कि उन्होंने सिर्फ फिल्म में एक्टिंग की और वो गाना उन्होंने नहीं लिखा था. गोविंदा ने ये भी कहा कि गाने के बोल ना तो अश्लील हैं और ना ही किसी की मानहानि करने वाले गाने को लेकर किसी भी समुदाय, जाति, क्षेत्र, वर्ग या समाज की मानहानि का इरादा नहीं था बता दें कि पाकुड की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गीतकार, संगीतकार के अलावा पार्श्वगायकों उदित नारायण और अलका याज्ञिक को भी 6 मार्च को पेश होने के लिए कहा है। बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद गोविंदा को अब 6 मार्च को पाकुड में कोर्ट में पेश होने की जरूरत नहीं है। गोविंदा के वकील ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि उनके मुवक्किल को ये जानकारी तक नहीं थी कि झारखंड में क्या हो रहा है। गोविंदा के घर पर जब 27 फरवरी को झारखंड पुलिस पहुंची तो उन्हें इसका पता चला हालांकि उस वक्त गोविंदा घर पर नहीं थे. वो इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म आ गया हीरो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। ये फिल्म 16 मार्च को रिलीज हो रही है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–दिलशाद एस.खान द्वारा एस.आर.प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को.ऑ.हॉ.सो.बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस.वी.रोड,मालाड (प.) मुंबई से प्रकाशित RNI NO.MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975 कार्यकारी संपादक – सी.हरीश
email: mumbaihalchal@gmail.com संपादक: **दिलशाद एस.खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

वर्तमान नगरसेवक 8 मार्च को मनपा में नहीं कर पाएंगे प्रवेश

राधिका यादव

मुंबई। मुंबई के महापौर पद का चुनाव 8 मार्च को किया जाना है । इस दौरान वर्तमान नगरसेवकों के भी मनपा सभागृह में बैठने की संभावना को देखते हुए वर्तमान नगरसेवकों को 8 मार्च को मनपा में प्रवेश बंदी करने की सूचना अतिरिक्त आयुक्त ने सुरक्षा रक्षकों को दी है ।

गौरतलब है कि मनपा में वर्तमान नगरसेवकों का कार्यकाल 8 मार्च को खत्म हो रहा है । वहीं नवनिर्वाचित नगरसेवकों का कार्यकाल 9 मार्च से शुरू होना था । जिसके लिए नए मनपा का प्रथम सभागृह 9 मार्च को कर महापौर पद का चुनाव किया जाना था । लेकिन इसकी तारीख में बदलाव कर महापौरपद का चुनाव 9 की बजाय 8 तारीख को करने का निर्णय मनपा आयुक्त अजोय मेहता द्वारा लिया गया है । जिसके अनुसार मनपा के सचिव विभाग ने कार्यक्रम निश्चित किया है । जबकि महापौर पद का चुनाव 8 मार्च को किये जाने से वर्तमान नगरसेवको द्वारा इस चुनाव में शामिल होकर मतदान करने का इशारा दिया गया था । ऐसे में महापौर चुनाव के दिन वर्तमान नगरसेवकों द्वारा किसी तरह का हंगामा न किया जाए इसलिए विद्यमान नगरसेवकों को 8 मार्च महापौर चुनाव के दिन मनपा में प्रवेश करने पर बंदी लगाने का फतवा मनपा प्रशासन ने निकाला है । जिससे महापौर चुनाव के दिन वर्तमान नगरसेवक मनपा में प्रवेश नहीं कर पाएंगे । साथ ही इस दिन नवनिर्वाचित नगरसेवक को प्रवेश पत्र के आधार पर ही मनपा सभागृह में प्रवेश करने दिया जाएगा । इनके अलावा किसी को भी मनपा या सभागृह के परिसर में प्रवेश नहीं देने का आदेश मनपा अतिरिक्त आयुक्त संजय मुखर्जी ने दिया है ।

सिटी टैक्सी स्कीम 2017 मंजूर, ओला-ऊबर को लेना होगा परमिट

मुंबई। सिटी टैक्सी स्कीम 2017 के तहत अब शहर में परिचालन के लिए ओला-ऊबर समेत ऐप आधारित टैक्सियों को परमिट लेना अनिवार्य होगा। इसके पहले ऐप आधारित टैक्सियों का परिचालन टी-परमिट के आधार पर किया जा रहा था। इसका मुंबई में काली-पीली टैक्सी यूनियनों ने जमकर विरोध किया था। मुंबई में ओला-ऊबर टैक्सियों के परिचालन से शहर में काली-पीली टैक्सी चालकों की रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा था। परिवार के भरण-पोषण में दिक्कतें आने लगीं थीं। इसलिए मुंबई की सभी टैक्सी-ऑटो यूनियनों ने इसके विरोध में कई बार ऑटो-टैक्सी हड़ताल की।

राज्य सरकार ने 3 साल की लड़ाई के बाद सिटी टैक्सी स्कीम 2017 को मंजूरी दे दी है। इसे जल्दी ही जीआर निकाल कर लागू किया जाएगा। सिटी स्कीम के तहत अब ओला-ऊबर को शहर में परिचालन के लिए परमिट अनिवार्य होगा। टी-परमिट के बजाय सामान्य परमिट पर परिचालन किया जाएगा। इन कैब के भी रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। सिर्फ वातानुकूलित टैक्सियां ही ऐप आधारित होंगी।

खतरनाक और जहरीले सांपों को चुटकियों में कर लेती हैं काबू

मुंबई। सांप देखते ही लोगों के पसीने छूट जाते हैं और बात अगर पकड़ने की हो फिर तो हर कोई पीछे ही हटना चाहेगा। लेकिन सांपों की दुनिया का खौफ मुंबई की कुछ महिलाओं पर असरदार नहीं है। इन महिलाओं की टीम मुंबई में सांपों की मदद करती है। इन्हीं में एक महिला है वैशाली चव्हाण। इनको सांपों से इतना लगाव है कि इन्होंने सांपों की मदद का जिम्मा उठा लिया है। वैशाली के मुताबिक, जब वह अपने आसपास सांप देखती हैं तो किसी अन्य शख्स की तरह उसको मारने की बजाय उसे जंगल में छोड़ आती हैं। महाराष्ट्र के पालगढ़ के ब्वॉयसर स्थित एक फैक्ट्री से सांप पकड़ने के अनुभव को साझा करते हुए वैशाली बोलीं,'सांप को वहां से निकालने के लिए वहां रखे विशालकाय मोटर हटाना जरूरी था लेकिन फैक्ट्री के मजदूरों ने मदद मांगने पर पांव पीछे खींच लिए।'

वैशाली के मुताबिक,'मैं अपनी बेटी के स्कूल में सांप पकड़ने गई थी, जबकि उन दिनों मैं सांप पकड़ने वाले विशेषज्ञा की सहयोगी ही थी। एक रोज एक्सपर्ट ने कहा कि महिलाएं कॉकरोच तक देखकर डरती हैं तो सांप कैसे पकड़ेंगी? इसके बाद से निश्चित किया कि सांप से कभी भी नहीं डरूंगी।' वैशाली अब सांप पकड़ने में सांप एक्सपर्ट हो चुकी हैं और उनको देखकर ही उनकी बेटी भी कीड़े-मकौड़ों से प्यार करने लगी है। वह किसी भी कीड़े को मारने की बजाय घर ले आती है।मुंबई के कंक्रीट जंगलों से आने वाले सांपों से निबटना हो तो लोग वैशाली को याद करते हैं। वैशाली की ही तरह मानसी थनवानी भी थाने में सांप पकड़ने की एक्सपर्ट के तौर पर भर्ती थीं। वह हर रोज 7 से 8 सांप पकड़ने के लिए बुलाई जाती थीं। इतना ही नहीं, सांप पकड़ने की विशेषज्ञ गार्गी विजयराघवन बचपन से ही सांप बचाना चाहती थीं। आखिरकार, उन्होंने इसे अपना करियर बना लिया और वह अब बार्क कॉलोनी में सांप पकड़ती हैं। उन्होंने जब पहली बार सांप तब पकड़ा जब कोबरा ने उनके पिता के हाथ पर काट लिया था। पिता आईसीयू में भर्ती थे

सहेली से बदला, सोशल मीडिया पर डाल दिए अश्लील फोटो

मुंबई। मुंबई में एक 45 वर्षीय महिला ने अपनी एक पुरानी सहेली से बदला लेने के लिए उसकी न्यूड फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दी। ये तस्वीरें उस वक्त ली गई थीं, जब पीड़िता बाथरूम में थी। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। दरअसल ये घटना पिछले साल नंवबर की है। जब पीड़िता को पता चला कि कोई उसकी नग्न तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल कर रहा है। पहले तो उसे यकीन नहीं हुआ लेकिन जब उसने खुद अपनी तस्वीरें देखी तो उसके होश उड़ गए। तब पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांज में पता चला कि मुंबई के मुलंद इलाके की रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला ने पीड़िता की नग्न तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल की हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला पीड़िता की दोस्त रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी और पीडिता के बीच अच्छी दोस्ती थी। दोनों साथ रहते थे। और एक

दोनों एक साथ प्राइवेट अस्पताल में काम करती थीं। दोनों की दोस्ती गहरी हो गई थी। बाद में एक महिला की शादी हो गई, लेकिन दूसरी महिला की शादी टूट गई थी। शादी टूट जाने के बाद वह महिला मुलंद इलाके में रहने लगी। 6 महीनों से दोनों के रिश्तों में दरार आने लगी थी। दोनों के बीच झगड़ा हुआ और दोस्ती खत्म हो गई। पिछले साल नवंबर में पीड़िता को किसी ने बताया कि उसकी पुरानी दोस्त ने उसकी कुछ नग्न फोटो सोशल मीड़िया पर डाली हैं।

पीड़िता आरोपी महिला के पास पहुंची और उसे समझाने की कोशिश की। तभी उसे पता चला कि आरोपी महिला ने उसकी तस्वीरें उस वक्त ली थीं, जब वह बाथरूम में थी। पीड़िता को आरोपी ने महिला ने धमकी भी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो वह और फोटो सोशल मीड़िया पर भी वायरल कर देगी। जब आरोपी महिला नहीं मानी तो पीडिता ने बीती चार फरवरी को मुलंद के नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। लेकिन पकड़े जाने के बाद वह खुद को निर्दोष बता रही है।

हमारी बात

बनारस में शक्ति प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश की सत्ता के दावेदार राजनीतिक दलों ने बनारस को जिस तरह अपने शक्ति प्रदर्शन के मैदान में तब्दील कर दिया है उस पर हैरत नहीं। एक तो राजनीतिक दल कोई कोर कसर इसलिए बाकी नहीं रखना चाहते, क्योंकि चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और दूसरे इसलिए भी कि बनारस प्रधानमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र भी है। जहां भाजपा बनारस और आसपास की ज्यादा से ज्यादा से सीटें जीतकर यह संदेश देने की कोशिश में है कि अपने निर्वाचन क्षेत्र में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का कोई सानी नहीं वहीं अन्य दल यह बताने की कोशिश में हैं कि वे प्रधानमंत्री को उनके संसदीय इलाके में ही मात देने में समर्थ हैं। फैसला मतदाता के हाथ है और वही यह तय करेंगे कि प्रतिष्ठा की लड़ाई में परिवर्तित हुआ आखिरी चरण का यह चुनाव किसके नाम रहा? बेहतर होता कि राजनीतिक दल यह समझ पाते कि अब मतदाता इतने भोले नहीं कि यह न समझ सकें कि उन पर यकायक इतना प्यार क्यों उड़ेला जा रहा है? यह उम्मीद की जानी चाहिए कि वे एक ओर जहां इसकी पहचान करेंगे कि विकास के मामले में बनारस की उम्मीदें पूरी क्यों नहीं हो सकीं वहीं दूसरी ओर इसकी परख भी करेंगे कि विकास के दावे करते दलों में कौन कसौटी पर खरा उतरने लायक है? पहचान और परख का यह काम सही तरह तभी हो सकता है जब विकास से इतर मसलों पर ध्यान देने से बचा जाए। मुश्किल यह है कि लंबे चुनाव प्रचार के चलते दलों के पास ज्यादा कुछ कहने को बचा नहीं है। नतीजा यह है कि आरोप-प्रत्यारोप का शोर अधिक है। चुनाव के आखिरी वक्त राजनीतिक दल बनारस के प्रति अपने प्रेम का चाहे जितना प्रदर्शन कर रहे हों, सच्चाई यह है कि इस शहर की सूरत यह नहीं बताती कि उसके विकास की वैसी चिंता की गई है जैसी की जानी चाहिए थी। धर्म-अध्यात्म का केंद्र और प्राचीनतम शहर होने के नाते बनारस का जितना विकास होना चाहिए था वह मुश्किल से ही नजर आता है। आखिर दुनिया भर में नाम रखने वाला कोई शहर विकास की दौड़ में इतना पीछे कैसे छूट सकता है? जब इतना ऐतिहासिक शहर विकास की दौड़ में पीछे छूट गया तब फिर पूर्वांचल के पिछड़ेपन पर हैरानी जताने का मतलब नहीं।

सुविचार

जिसने अपनों को
वश में कर लिया,

उसकी जीत को देवता भी
हार में नहीं बदल सकते.

खतरनाक 'ई' कचरे की राजधानी बनता भारत

हममें से ज्यादातर लोग बगैर सोचे-समझे अपने पुराने या खराब मोबाइल फोन, लैपटॉप या अन्य इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों को फैंक कर नया खरीद तो लेते हैं परंतु ऐसा करके हम पर्यावरण को जो अपूर्णीय क्षति पहुंचा रहे हैं उसके बारे में कम ही लोगों को अंदाजा होगा।

जब हम अपने इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों को लम्बे समय तक प्रयोग करने के पश्चात उनको बदलने/ खराब होने पर दूसरा नया उपकरण प्रयोग में लाते हैं तो इस खराब उपकरण को ई-वेस्ट (कचरा) कहा जाता है। उदाहरणार्थ कम्प्यूटर, मोबाइल फोन, प्रिंटर्स, फोटोकॉपी मशीन, इन्वर्टर, यू.पी.एस., एल.सी.डी./ टैलीविजन, रेडियो/ ट्रांजिस्टर, डिजिटल कैमरा आदि। सर्वेक्षणों के अनुसार भारत में खतरनाक ई-कचरे की डंपिंग के परिणामस्वरूप पैदा होने वाले ई-वेस्ट अर्थात कचरे की कुल मात्रा लाखों मीट्रिक टन है और इनमें लगातार वृद्धि हो रही है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार मोबाइल फोन, पर्सनल कम्प्यूटिंग उपकरण और टी.वी. को भारत में पैदा होने वाले इलैक्ट्रॉनिक कचरे यानी ई-कचरे का ह्यसबसे खतरनाकह्न उद्गम स्त्रोत माना गया है तथा दुनिया में भारत ई-कचरे के शीर्ष उत्पादकों में से एक बनता जा रहा है।

एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया-सी काईनैटिक्सह्न के इस अध्ययन के अनुसार वर्ष 2020 तक भारत में ई-कचरे की मात्रा के वर्तमान 18 लाख मीट्रिक टन से बढ़ कर 52 लाख मीट्रिक टन के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने की संभावना है और यह वृद्धि प्रतिवर्ष 30 प्रतिशत की चिंताजनक हद तक अधिक दर से हो रही है। इसी प्रकार विश्व स्तर पर उत्पन्न होने वाले ई-कचरे की मात्रा 2016 में साढ़े 93 लाख टन से बढ़ कर 2018 में 1 करोड़ 30 लाख टन पहुंचने की उम्मीद है। कम्प्यूटर, टी.वी. और मोबाइल फोन को सबसे खतरनाक इसलिए माना जा रहा है क्योंकि उनमें सीसा, पारा और कैडमियम जैसी खतरनाक धातुओं का स्तर बहुत अधिक होता है और इनका जीवन कम होने की वजह से इन्हें अक्सर बदला जाता रहता है। ई-कचरे में आमतौर पर लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले, प्लाज्मा टी.वी., कम्प्यूटर मॉनिटर, मदरबोर्ड, कैथोड रे ट्यूब, सर्किट बोर्ड, मोबाइल फोन, चार्जर, कॉम्पैक्ट डिस्क, हैडफोन आदि शामिल होते हैं।

देश में सरकारी, सार्वजनिक तथा निजी (औद्योगिक) सैक्टर की ओर से 75 प्रतिशत ई-कचरा पैदा होता है। आम परिवारों की इसमें हिस्सेदारी 16 प्रतिशत है जबकि बाकी निर्माण के स्त्रोत पर पैदा होता है। देश में केवल डेढ़ प्रतिशत ई-कचरे की ही रिसाइक्लिंग होती है जिसका कारण खराब बुनियादी ढांचा, नीतियों, निर्माण और पुख्ता ढांचे की कमी है। उसकी वजह से प्राकृतिक संसाधन बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं तथा पर्यावरण एवं उद्योगों में काम करने वालों के स्वास्थ्य को अपूर्णीय क्षति पहुंच रही है। देश में 95 प्रतिशत ई-कचरे को असंगठित क्षेत्र और स्क्रैप डीलर ही सम्भाल रहे हैं जो उन्हें रीसाइकिल करने की बजाय तोड़ डालते हैं। अध्ययन के अनुसार, देश में कार्य करने वाले दो-तिहाई ई-वेस्ट कर्मी अस्थमा तथा ब्रोंकाइटिस जैसे श्वास रोगों से ग्रस्त हैं।

देश में पारम्परिक रूप से आमतौर पर रिसाईकिलिंग कबाड़ी ही करते रहे हैं। वे अलग-अलग जगहों से कचरा जमा करके उसे छांट कर रिसाईकिलिंग प्लांट्स तक पहुंचाते हैं अथवा कचरे के मैदानों पर फैंकते हैं। कुछ समय पूर्व 9 फोटोग्राफर्स ने देश भर में ई-कचरा का धंधा करने वाले कबाडियों के सामान के फोटोज खींच कर एक प्रदर्शनी भी लगाई थी। उनका कहना है कि अनुमान के अनुसार देश में लगातार हो रहे शहरीकरण के चलते 2050 तक भारत ही दुनिया में सबसे बड़ा कचरा उत्पादक बन जाएगा। गौरतलब है कि शहरी लोग गांव वालों की तुलना में दोगुना कचरा पैदा करते हैं जो इनसे निस्सरित होने वाली विषैली गैसों के परिणामस्वरूप पर्यावरण को होने वाली क्षति के अलावा मानव और पशु जाति के लिए समान रूप से खतरा बनता जा रहा है।

अराजकता का खुला-छिपा रूप

दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में छात्रों के दो गुटों में टकराव के बाद अभिव्यक्ति की आजादी पर नए सिरे से छिड़ी बहस शांत होने का नाम नहीं ले रही है। इस बहस के केंद्र में वही पुराना सवाल है कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा कहां तक है और क्या उसके तहत देश की अखंडता और संप्रभुता को चोट पहुंचाने वाली नारेबाजी भी हो सकती है? पिछली बार यह बहस तब छिड़ी थी जब जेएनयू में कश्मीर की आजादी के नारे लगे थे और साथ ही आतंकी अफजल गुरु की फांसी का विरोध करते हुए मोदी सरकार को निशाने पर लिया गया था। तब भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और वामपंथी छात्र संगठन एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए थे। तब कन्हैया कुमार, अनिर्बान और उमर खालिद समेत कई छात्रों को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। रामजस कॉलेज में इसी उमर खालिद को वक्ता के तौर पर बुलाया गया था। इसकी खबर मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने इतने उग्र रूप में विरोध किया कि पहले खालिद के आमंत्रण को रद किया गया और बाद में पूरे कार्यक्रम को ही। कार्यक्रम रद होने से खफा वामपंथी छात्र संगठनों ने कॉलेज परिसर में बस्तर और मणिपुर की आजादी के नारे लगाए। अगले दिन दोनों पक्षों के छात्रों में भिड़ंत हुई और मारपीट भी। जब इस भिड़ंत के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को दोषी बताते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा गुरमेहर कौर ने सोशल मीडिया के जरिये यह कहा कि वह इस परिषद से डरती नहीं तो उसका एक साल पुराना वह वीडियो वायरल हो गया जिसमें उसकी ओर से यह कहा गया था कि कश्मीर में शहीद उसके पिता को पाकिस्तान ने नहीं, बल्कि युद्ध ने मारा था। इस वीडियो का मौजूदा मामले से कोई लेना-देना नहीं था पर उसमें गुरमेहर का पाकिस्तान संबंधी जो संदेश था उससे तमाम लोगों ने असहमति जताई। कुछ ने तो अभद्रता भी की। किरण रिजिजु के अलावा वीरेंद्र सहवाग, योगेश्वर दत्त और फोगट बहनों ने भी गुरमेहर से असहमति जताई। इनकी असहमति पर कई लोगों ने आपत्ति जताई। हालांकि इनमें से सहवाग समेत अन्य लोगों ने बाद में अपना स्पष्टीकरण भी दिया लेकिन तब तक बहस के केंद्र में गुरमेहर कौर आ गई थी।

फैलाई दोस्त के बैग में बम की अफवाह, अब जेल में कटेंगे मॉडल के तीन साल

मुंबई। सहार एयरपोर्ट के टी2 पर गुरुवार को मुंबई निवासी एक युवती के एक छोटे से मजाक की वजह से हंगामा मच गया। उड़ान में एक घंटे की देरी भी हो गई। मगर, यह मजाक अब उसे बहुत भारी पड़ने जा रहा है।

इस हरकत के लिए युवती को 3 साल के लिए जेल की सजा मिली। हालांकि, वह जमानत पर रिहा हो गई है। युवती ने अपनी दोस्त के हैंडबैग के अंदर बम होने की बात बोल सिक्योरिटी को इसकी जांच के लिए बोल दिया। इस अजीब-सी घटना के कारण दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की विमान एक घंटे से अधिक देर हो गई और इस युवती को गिरफ्तार कर लिया गया।

साथ ही दूसरे यात्रियों को परेशान करने और भय पैदा करने के कारण 3 साल के लिए जेल की सजा मिली। वह जमानत पर रिहा हो गई है। मामला गुरुवार रात करीब 8 बजे का है, जब एयर इंडिया विमान 101 के लिए तीन मित्रों के साथ 27 वर्षीय मॉडल कंचन ठाकुर कतार में थीं।

पहले बोर्डिंग गेट से कंचन ने प्रवेश कर लिया और जब उनके दोस्त की बारी आई तो उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड की ओर मुड़कर कहा बम। तुरंत ही अफरा-तफरी मच गई। इस बीच सिक्योरिटी ने सीआईएसएफ और एयरपोर्ट अधिकारियों को बुला लिया।

शुरूआती पूछताछ के बाद सीआईएसएफ ने एयर इंडिया से उन चार यात्रियों को यहीं छोड़ उड़ान भरने को कहा। अब ठाकुर ने अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि यह सब मजाक था। सिक्योरिटी अधिकारियों के अड़े होने के कारण ठाकुर उनसे भी उलझ पड़ीं।

विमान से उनका सामान उतार कर अपने निश्चित समय से एक घंटे की देरी से रात 10 बजे विमान ने उड़ान भरी। ठाकुर समेत तीनों को शहर छोड़ने से मना कर दिया गया। पुलिस ने बताया, क्रोधित मॉडल सीआईएसएफ से उलझ पड़ी। मॉडल ने कहा कि जब वास्तव में आतंकी विमान में सवार हो जाते हैं, तब वे कुछ नहीं करते और उसके एक छोट से मजाक पर इतना बवाल मचा दिया है। इसके बाद इन्हें सहर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इंस्पेक्टर बीटी मुखेदकर ने बताया कि रात को ठाकुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उसने अपने दोस्तों से मजाक किया था, जो गंभीर घटना हो गयी। एयर इंडिया के अधिकारियों ने कहा कि वे इन्हें सबक सिखाए बिना नहीं जाने देना चाहते हैं क्योंकि इनकी वजह से उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस ने कहा कि इन सबों का कहना है कि वे किसी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते थे। उन्हें नहीं लगा था कि यह मजाक इतना गंभीर बन जाएगा।

बिल्डरों से उठता मुंबईकरों का भरोसा !

मुंबई। प्रॉपर्टी के नाम पर आए दिन बढ़ रहे धोखाधड़ी के मामलों की वजह से मुंबईकरों का बिल्डरों पर से विश्वास कम होता जा रहा है। यही वजह है कि मुंबईकरों ने बिल्डरों के प्लान और मंजूरियों के बारे में जानने के लिए सबसे अधिक आरटीआआई फाइल की है। यह खुलासा ऑनलाइन आरटीआई फाइल करवाने वाली वेब साइट 'ऑनलाइन आरटीआई डॉटकॉम' के जरिए हुआ है। वेबसाइट से मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले 3 सालों में मुंबईकरों द्वारा अलग-अगल जानकारियों के लिए 7400 आरटीआई फाइल की गईं हैं, जिनमें से 722 केवल प्रॉपर्टी से संबंधित हैं। प्रॉपर्टी के कागजों को लेकर लोगों के मन में अक्सर भ्रम रहता है। बिल्डर द्वारा दिए जाने वाले दस्तावेज असली हैं या नहीं, इसकी पहचान करना घर खरीदने वालों के लिए थोड़ा मुश्किल काम होता है। इसलिए लोग इसकी जांच पड़ताल में लगे रहते हैं और अधिक से अधिक आरटीआई फाइल करते हैं। हर मुंबईकर मुंबई में घर खरीदने का सपना देखता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में प्रॉपर्टी में व्याप्त फजीवाड़े का खुलासा होने से मुंबईकरों का बिल्डरों से विश्वास कम होने लगा है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

मुंबई के हित में फैसला...

मुख्यमंत्री ने मुंबई में उप-लोकायुक्त नियुक्त करने का ऐलान भी किया। वहीं शिवसेना ने विश्वनाथ महादेश्वर को मेयर पद के लिए और हरेश्वर वर्लीकर को डिप्टी-मेयर पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता अनिल परब ने यह जानकारी दी। निकाय चुनाव के कारण शिवसेना के साथ रिश्तों में तनाव के बाद अपने मंत्रिमंडल पर किस तरह के खतरे से इनकार करते हुए फडणवीस ने कहा कि उनकी पार्टी उक्त दोनों पदों के अलावा निकाय की महत्वपूर्ण स्थाई समिति और अन्य पैनलों के अध्यक्ष पदों के लिए भी अपने उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारेगी। पारदर्शिता के मुद्दे पर निकाय चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले फडणवीस ने कहा कि उनकी पार्टी बीएमसी में निगरानी करने वाले की भूमिका में रहना पसंद करेगी। उन्होंने कहा, ह्यमुंबई के लोगों ने दिल खोलकर भाजपा को वोट दिया क्योंकि उन्हें स्थानीय निकाय प्रशासन में हमारी पारदर्शिता के एजेंडे पर यकीन है। उन्होंने कहा, शिवसेना सबसे बड़े दल के रूप में सामने आयी है, जबकि भाजपा उससे दो सीट पीछे है। ऐसे में हमारे पास अपना मेयर बनाने के लिए पर्याप्त सीटें नहीं हैं। इसमें हमें अन्य दलों का समर्थन लेने की जरूरत पड़ती। फडणवीस ने कहा, भाजपा बाहर से समर्थन लेकर पारदर्शिता के मुद्दे पर समझौता नहीं करना चाहती। इसलिए पार्टी ने मतदाताओं द्वारा उसमें दिखाए गए विश्वास को बनाए रखने का विकल्प चुना। इसे सरकार (प्रदेश) बनाए रखने के लिए समर्पण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। राज्य की गठबंधन सरकार में शिवसेना अहम सहयोगी है। उन्होंने कहा, ह्यमेरी सरकार स्थिर है। शुक्रवार को शिवसेना के मंत्रियों ने कैबिनेट बैठक में भाग लिया और हमारे बीच विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। शिवसेना ने भाजपा के फैसले का स्वागत किया और ह्यजनता की भावनाओं का सम्मान करने के लिए फडणवीस को धन्यवाद दिया।गौरतलब है कि शुक्रवार को ही फडणवीस कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने बयान दिया था कि वह इस बात को लेकर 200 फीसदी आश्वस्त हैं कि बीएमसी में भाजपा और शिवसेना एकसाथ आएंगे। पाटिल ने प्रदेश भाजपा की कोर समिति की अहम बैठक के पहले यह बयान दिया। उन्होंने यह भी कहा था कि राज्य की भाजपा नीत सरकार पर कोई खतरा नहीं है। 227-सदस्यीय महानगरपालिका में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इस चुनाव में शिवसेना 84 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा को 82 सीटें मिली और वह मामूली अंतर से ही शिवसेना से पिछड़ गई। बीएमसी चुनाव के नतीजों से लगायी जा रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। शिवसेना के मन की हुई है। मुम्बई का मेयर अब शिवसेना का हो होगा।भाजपा का ये कदम एक बेहद नपा-तुला राजनीतिक फैसला है। महाराष्ट्र में सरकार बनाने में शिवसेना को भाजपा का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में शिवेसना के खिलाफ मेयर पद के उम्मीदवार को खड़ा करने पर भाजपा को राज्य सरकार में शिवसेना का समर्थन खो देने का डर था। देवेन्द्र फडणवीस की ये घोषणा राज्य में अपनी सरकार बचाये रखने की कोशिश है। शिवसेना को समर्थन और मुंबई के लिए उप-लोकायुक्त की नियुक्ति का फैसला। भाजपा और देवेन्द्र फडणवीस ने इस ऐलान के जरिये ना सिर्फ महाराष्ट्र में अपनी सरकार बचायी, लेकिन साथ ही जिस तरह राज्य में शिवसेना भाजपा पर दबाव बनाए रखती है, उसका जवाब भी दिया गया। भाजपा शिवसेना को समर्थन भले ही दे रही हो लेकिन साथ ही शिवसेना पर नकेल कसने का इंतजाम भी कर चुकी है।

इंडियंस अमेरिका छोड़ो...

शुक्रवार को वॉशिंगटन के केंट शहर स्थित अपने घर के बाहर अपनी गाड़ी ठीक कर रहा था, तभी वहां एक अज्ञात व्यक्ति आ गया। पुलिस का कहना है कि दोनों व्यक्तियों के बीच कहासुनी हुई। पीड़ित का कहना है कि संदिग्ध व्यक्ति ने अपने देश वापस जाओ जैसी बातें कही थी जिसके बाद उसने पीड़ित की बाजू में गोली मार दी। पीड़ित के अनुसार हमलावर छह फुट लंबा एक श्वेत आदमी था और उसने अपने चेहरे के निचले हिस्से को एक नकाब से ढका हुआ था। केंट पुलिस प्रमुख ने कहा कि सिख व्यक्ति को हालांकि कोई ह्यजानलेवा चोट नहीं आई है लेकिन वे इसे एक बेहद गंभीर घटना के तौर पर देख रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केंट पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इसके लिए एफबीआई और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से संपर्क किया है। सुषमा स्वराज ने इस मामले में ट्वीट करके जानकारी दी है कि उन्होंने पीड़ित के पिता से बात की है। उन्होंने लिखा - 'भारतीय मूल के अमेरिकी दीप राय पर हुए हमले के बारे में जानकर दुख हुआ। मैंने पीड़ित के पिता सरदार हरपाल सिंह के पिता से बात की है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे को कंधे पर गोली लगी है, वह अस्पताल में है और खतरे से बाहर है।'गौरतलब है कि अमेरिका के कनसास में कुछ दिन पहले एक भारतीय इंजीनियर की हत्या का मामला सामने आया था। हमलावर ने श्रीनिवास नाम के भारतीय और उसके दोस्त आलोक मदसानी पर गोली चलाते हुए कहा था कि ;मेरे देश से निकल जाओ।' इसके बाद शनिवार को एक और खबर आई। बताया गया कि भारतीय मूल के व्यवसायी हर्निश पटेल की उनके साउथ कैरोलीना के घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हालांकि पुलिस ने कहा था कि यह 'घृणा अपराध' से जुड़ा मामला नहीं लग रहा।पिछले महीने अमेरिका के कनसास में भारतीय इंजीनियर श्रीनिवास कुचिभोटला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारे ने गोली मारने के दौरान चिल्लाकर कहा था 'मेरे देश से निकल जाओ।' इस हमले की कड़ी निंदा की गई थी और इसे घृणा अपराध की श्रेणी में रखा गया था। अमेरिका में विरोधी पार्टियों ने ट्रंप प्रशासन पर रंगभेद को उकसाने का आरोप भी लगाया। श्रीनिवास के साथ साथ उनके दोस्त आलोक मदसानी पर भी गोली चलाई गई थी लेकिन वह बाल बाल बच गए थे। इन दोनों को बचाने के लिए एक अमेरिकी ईयान ग्रिलोट सामने आए थे लेकिन उन्हें भी गोली का शिकार होना पड़ा। हालांकि उन्हें बचा लिया गया था। अमेरिकी कांग्रेस ने कंसास में एक भारतीय की हत्या को लेकर एक मिनट का मौन भी रखा।

काका बार में डांस...

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जोन-12 क्षेत्र में जब से राजेश प्रधान ने एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस (ए.सी.पी.) का पदभार संभाला तबसे इस क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे बीयर बारों व अन्य अवैध धंधों पर इनकी गाज गिरी है और अवैध व गैर कानूनी कामों में कमी आई। बावजूद इसके मालाड (पूर्व) पोद्दार रोड स्थित काका बार एंड रेस्टोरेंट में अवैध धंधों का संचालन काफी बढ़ गया है। शाम ढलते ही यहां मुंबई के कई क्षेत्रों के शरीफ बदमाशों का यहां जमावड़ा होने लगता है। कारण यह है कि काका बार में खुले आम अश्लील नृत्य और नृत्यांगनाओं के साथ उनका भी डांस शुरु हो जाता है। बार डांसर भी उनके इस काम में उन्हें बढ़ावा देती हैं। देखते ही देखते काका बार का माहौल बदल जाता है। बार डांसर अपने खास चिपके ग्राहकों को जिस्म के सौदों के लिए उकसाती हैं और काका बार के एक ‘खास आदमी’ से बात करने का इशारा करती हैं। उसके बाद की कहानी को बयान करने की हम जरुरत नहीं समझते। इस तरह बार की आड़ में यहां जिस्मफरोशी का धंधा भी खूब चल रहा है। जिसकी खबर शायद जोन-12 के डीसीपी राजेश प्रधान को नहीं है जबकि काका बार के मैनेजर के अनुसार काका बार पर पुलिस की निगाह इसलिए नहीं पड़ती कि पुलिस को यहां से अच्छा खासा हफ्ता काफी पहले से दिया जा रहा है। इसलिए पुलिस से उसे कोई डर नहीं है। डीसीपी राजेश प्रधान की इतनी सख्ती के बाद भी काका बार का यूंही चलते रहना काफी शर्मनाक हैं।

बीजेपी का दावा- त्रिशंकु नहीं होगी विधानसभा, बहुमत से बनाएंगे सरकार

उत्तर प्रदेश में आखिरी चरण के लिए तैयारियां अंतिम दौर में हैं। अब तक छह चरणों के लिए वोटिंग हो चुकी है। सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा कर रही हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से किसी को भी पूर्ण बहुमत ना मिलने की हवा उठ रही है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि अपनी पिछली 2 सभाओं में पीएम मोदी जनता से पूर्ण बहुमत देने की गुजारिश कर चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि त्रिशंकु विधानसभा की भी नौबत आ सकती है। हालांकि इन अटकलों को रविवार को बीजेपी ने खारिज कर दिया। बीजेपी नेता जगदंबिका पाल ने दावा किया- यूपी में 14 साल का वनवास खत्म होगा और बीजेपी की सरकार बनेगी।



त्रिशंकु विधानसभा की अटकलें खारिज

उत्तर प्रदेश में त्रिशंकु विधानसभा की अटकलों को भारतीय जनता पार्टी खारिज कर रही है। पार्टी का कहना है कि सपा के साथ कांग्रेस के गठबंधन से उनको फायदा हो रहा है। इस गठबंधन से अल्पसंख्यक मतों का बिखराव हुआ है। जिससे त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन रही है। ऐसे में स्पष्ट रूप से बीजेपी को लाभ मिल रहा है।

सपा की हालत खराब

जगदंबिका पाल ने कहा कि उनको हर वर्ग के लोगों का वोट मिल रहा है। बहरहाल बात अब चौथे, पांचवे, छठे और सातवें चरण की है, जहां बीजेपी का मुकाबला कुछ सीटों पर सपा से और कुछ पर बसपा से है। सपा की हालत फिलहाल काफी खराब है। लखनऊ से बलिया और देवरिया के साथ-साथ बनारस और गोरखपुर से आजमगढ़, ये वो क्षेत्र हैं जहां सपा काफी पिछड़ रही है। देखा जाए तो उसकी हालत बसपा से भी खराब है।

जगदंबिका पाल ने ये भी कहा कि पूर्वी उत्तरप्रदेश में अब तक जिस दल को बहुमत में सीटें मिली है, उसी दल की राज्य में सरकार बनी है। इस बार पूर्वी उत्तरप्रदेश कि जनता बीजेपी को भरपूर समर्थन दे रही है। पाल के मुताबिक त्रिशंकु विधानसभा की अटकलें झूठी अफवाह है। ये विपक्षी दलों द्वारा फैलाई गई है।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी : 1 जनवरी से महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ा सकता है केंद्र

केंद्र सरकार इस महीने अपने 50 लाख कर्मचारियों तथा 58 लाख पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में दो से चार प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है। महंगाई भत्ता और महंगाई राहत कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उनकी आय पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को कम करने के लिए दिया जाता है। श्रमिक यूनियनें हालांकि इस प्रस्तावित वृद्धि से खुश नहीं हैं। उनका मानना है कि इससे मूल्यवृद्धि के वास्तविक असर की भरपाई करने में मदद नहीं मिलेगी।

कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंपलॉइज के अध्यक्ष केकेएन कुट्टी ने कहा, केंद्र सरकार के सहमति वाले फामूर्ला के तहत महंगाई भत्ता वृद्धि दो प्रतिशत होगी। यह एक जनवरी, 2017 से प्रभावी होगी। हालांकि, कुट्टी ने इतनी मामूली वृद्धि पर निराशा जताते हुए कहा कि महंगाई भत्ता बढ़ाने के लिए बेंचमार्क माना जाने वाले औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक वास्तविकता से दूर है।

उन्होंने कहा कि जिंस कीमतों में कितनी बढ़ोतरी हुई है उसको लेकर श्रम ब्यूरो और कृषि मंत्रालय में मतभेद हैं। सहमति वाले फॉमूर्ले के तहत केंद्र महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी खुदरा मुद्रास्फीति के 12 माह के औसत के आधार पर करता है। सरकार दशमलव बिंदु के बाद मूल्यवृद्धि पर विचार नहीं करता। ऐसे में यह वृद्धि 2.95 प्रतिशत बैठने के बावजूद सरकार डीए को दो प्रतिशत बढ़ा रही है।

डॉ एल सुब्रमण्यम को क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा सम्मानित किया गया

यूके-भारत संस्कृति २०१७ के वर्ष में, डॉ एल सुब्रमण्यम को कई हस्तियों के बीच में से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नामित किया गया है। यह इवेंट बकिंघम पैलेस में क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा आयोजित किया गया। अंबी सुब्रमण्यम ने बताया कि मेरे पिता डॉ एल सुब्रमण्यम ने परफॉर्म किया और उन्होंने यूके १७ का भारत की सांस्कृतिक समारोह लंदन सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा से समाप्त किया और प्रिमियर नई सिम्फनी को भारत सिम्फनी का नाम दिया। डॉ एल सुब्रमण्यम ने संस्कृति इंवेट के लिए नामांकित करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

यूके-भारत संस्कृति २०१७ है, जो वित्त मंत्री अरुण जेटली के नेतृत्व में किया गया था, कपिल देव, कमल हासन, मनीष मल्होत्रा, सुरेश गोपी और गुरदास मान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति को देखा गया।

राम मंदिर पर एक सप्ताह में हो सकता है फैसला : तोगडिया



विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगडिया ने शनिवार को यहां दावा किया कि राम मंदिर निर्माण का निर्णय एक सप्ताह में' लिया जा सकता है। यह पूछे जाने पर कि केंद्र सरकार के उदासीन रवैये को देखते हुए क्या विहिप राम मंदिर मामले में कदम उठाएगी, तोगडिया ने कहा, करेंगे। वह यहां वृन्दावन के परिक्रमा मार्ग स्थित धाम में विहिप के प्रचार-प्रसार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेने के लिए आए थे।

संवाददाताओं से वार्ता में उन्होंने भाजपा के एजेंडे में संवैधानिक तरीके से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण किए जाने के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कि मंदिर निर्माण के लिए केवल एक सप्ताह का ही समय चाहिए। उन्होंने कहा, कि आप जानना चाहेंगे, कैसे? सीधा सा रास्ता है यह निर्णय संसद में कानून बनाकर किया जा सकता है। इसके लिए सरकार को सिर्फ एक घण्टे का समय चाहिए।' तोगडिया ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, कि जब डोनाल्ड ट्रंप ऐसा कर सकते हैं तो भारत सरकार क्यों नहीं कर सकती। उन्होंने तो एक सप्ताह में ही सात मुस्लिम देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर उनका आदेश अदालत में टिका या नहीं टिका, सवाल इस बात का नहीं है। उन्होंने तो अपनी इच्छा शक्ति जतला ही दी। राजग सरकार के पास राज्यसभा में बहुमत न होने के सवाल पर उन्होंने कहा, कि सरकार यदि चाहे तो सब कुछ कर सकती है। हमारे यहां लोकसभा व राज्यसभा को एक साथ बिठाकर कानून बनाने की परंपरा रही है। ऐसा करके सरकार इस मसले का हल आसानी से निकाल सकती है। विहिप अध्यक्ष ने किसानों की आत्महत्या पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा, कि इस समय देश में किसानों की समस्या सबसे बडी समस्या है। किसान लगातार घाटे में जा रहे हैं और सरकार ने गेहूं खरीद के लिए जो दाम तय किए हैं उससे भी कम दामों में विदेश से गेहूं आयात किया जा रहा है।

GST का असर : छोटे होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबों में खाना हो सकता है सस्ता

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) के अमल में आने के बाद छोटे होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में खाना सस्ता हो सकता है। शनिवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी कर प्रणाली से जुड़े दो अहम विधेयकों के मसौदे को मंजूरी दी गई। टैक्स में दो-तिहाई तक बचत हो सकती है। दरअसल, जीएसटी काउंसिल ने 50 लाख रुपये तक सालाना टर्नओवर वाले छोटे होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबों के लिए जीएसटी की दर 5 फीसदी तय करने को मंजूरी दे दी है। किसी होटल या ढाबे में खाने पर आपको मौजूदा सर्विस टैक्स की तुलना में सिर्फ एक तिहाई ही जीएसटी देना होगा। हालांकि अभी सर्विस टैक्स की दर 15 फीसदी है। जो रेस्टोरेंट की बिल राशि के 40 फीसदी पर लगता है। अगर किसी रेस्टोरेंट में 1,000 रुपये का बिल बनता है तो सर्विस टैक्स 60 रुपये बनता है। यदि इसी फॉमूर्ले के मुताबिक 5 फीसदी जीएसटी लगा तो आपको 40 रुपये की बचत होगी। क्योंकि जीएसटी की राशि 20 रुपये ही बनेगी। जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी से जुड़े दो प्रमुख विधेयकों के अंतिम मसौदों को मंजूरी दी गई। इनमें सेंट्रल जीएसटी (सीजीएसटी), इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) विधेयक शामिल हैं। वहीं, स्टेट जीएसटी (एसजीएसटी) और यूनियन टेरिटरी-जीएसटी (यूटी-जीएसटी) विधेयक के मसौदों को अंतिम रूप अगली बैठक में दिया जाएगा। काउंसिल की अगली बैठक 16 मार्च होगी।

संसद में 9 मार्च को संसद में पेश होंगे विधेयक

सरकार सीजीएसटी, आईजीएसटी को संसद की मंजूरी के लिए मौजूदा बजट सत्र के दूसरे चरण में पेश करेगी। जो 9 मार्च से शुरू होगा। सीजीएसटी केंद्र को एक्साइज ड्यूटी और सर्विस टैक्स के जीएसटी में समाहित होने के बाद वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी लगाने का अधिकार देगा। आईजीएसटी अंतर-राज्यीय बिक्री पर लागू होगा।

किसान छोटे कारोबारियों को छूट

केंद्र और राज्यों ने किसानों को जीएसटी व्यवस्था के तहत रजिस्ट्रेशन से छूट देने का फैसला किया है। वहीं 20 लाख रुपये तक सालाना कारोबार वाले व्यापारियों को जीएसटी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराना होगा। इसके अलावा जीएसटी काउंसिल ने आयुक्त स्तर के अधिकारियों को करदाताओं को टैक्स किस्त में जमा कराने की छूट देने का भी अधिकार दिया है ताकि जीएसटी अदा करने वालों को वित्तीय समस्या से निपटने में राहत मिल सके।

EC ने 9 मार्च तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाया

चुनाव आयोग ने 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के मतदान बाद सर्वेक्षण पर रोक की अवधि बढ़ाकर 9 मार्च कर दी है। आयोग की आज यहां जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में 9 मार्च को शाम साढ़े 5 बजे तक मतदान बाद सर्वेक्षण करने तथा उसके परिणामों को प्रकाशित और प्रसारित पर प्रतिबंध रहेगा।

आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश के अलापुर (सु) सीट से प्रत्याशी चंद्रशेखर और उत्तराखंड के कर्णप्रयाग सीट से प्रत्याशी कुलदीप सिंह कनवासी के निधन के कारण इन सीटों पर मतदान टाल दिया गया था। आयोग ने इन सीटों पर 9 मार्च को मतदान करवाने का फैसला किया है। इसके मद्देनजर मतदान बाद सर्वेक्षण को प्रकाशित-प्रसारित करने की अवधि बढ़ा दी गई है।

NIRVACHAN SADAN
भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION OF INDIA

ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगाया फोन टैपिंग का आरोप, ओबामा का इनकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि पिछले साल चुनाव से ठीक पहले तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उनके न्यूयॉर्क स्थित कार्यालय में फोन टैपिंग करवाई थी और उन्होंने इसकी तुलना वाटरगेट मामले से की। ओबामा के प्रवक्ता केविन लेवाइस ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने किसी अमेरिकी नागरिक के सर्विलांस का कभी कोई आदेश नहीं दिया।

ओबामा का आरोपों से इनकार

लेवाइस ने कहा कि ओबामा प्रशासन में एक कार्डिनल नियम था कि व्हाइट हा-उस का कोई अधिकारी विधि विभाग की स्वतंत्र जांच में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। इसके तहत, न तो राष्ट्रपति ओबामा ने और न ही व्हाइट हाउस के किसी अधिकारी ने किसी अमेरिकी नागरिक के सर्विलांस का कोई आदेश दिया। इसके अलावा कोई भी बात बस झूठ है।

ट्रंप ने फोन टैपिंग को कहा- डरावना

ट्रंप ने ट्वीट के जरिए ये आरोप लगाए, हालांकि उन्होंने अपने दावों को लेकर कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया। ट्रंप ने कहा कि यह डरावना है। अभी यह पता चला कि ओबामा ने हमारी जीत से ठीक पहले ट्रंप टावर में फोन टैप कराया था। कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा, क्या चुनाव से पहले राष्ट्रपति उम्मीदवार की फोन टैपिंग कराना निवर्तमान राष्ट्रपति के लिए वैध है?

जवानों के लिए जारी नंबर से भारत के खिलाफ मैसेज पाकिस्तान से

सेना प्रमुख बिपिन रावत द्वारा जवानों की शिकायतों का निवारण करने के लिए एक वॉट्सएप नंबर जारी किया गया था। लेकिन अभी ये नंबर पाकिस्तानियों के स्पैम मैसेजेस से ही भर गया है। बता दें कि BSF जवान तेजबहादुर यादव द्वारा खाने की शिकायत को लेकर एक वीडियो शेयर किया गया था, जिसके बाद सेना प्रमुख ने ये नंबर जारी किया था।

+91 9643300008 यह नंबर 28 जनवरी 2017 को भारतीय सेना द्वारा जारी किया गया था, ताकि जवान इस नंबर पर अपनी शिकायतें बता सकें। ऐसा इसलिए किया गया था क्योंकि जवान वीडियोज के जरिए अपनी शिकायतें सोशल मीडिया पर डाल रहे थे। लेकिन अभी तक इस नंबर पर 30 हजार से ऊपर पाकिस्तानियों के मैसेज आ चुके हैं, जो कि ज्यादातर भारत और सेना के खिलाफ हैं।

इस पूरे मसले पर सेना का कहना है कि हमें काफी अधिक संख्या में पाकिस्तानियों के मैसेज आ रहे हैं। इसलिए हमने सारे पाकिस्तानी नंबरों को ब्लॉक कर दिया है।

वायरल वीडियोज के बाद आया था नंबर

सेना ने ये वॉट्सऐप नंबर जवानों के लिए जारी किया गया था, ताकि वे अपनी दिक्कतें सीधे सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत को भेज सकें। पिछले कुछ समय से जवान लगातार सोशल मीडिया पर अपने शिकायत भरे वीडियोज अपलोड कर रहे थे, जिससे भारतीय सेना की छवि खराब हो रही थी।

सेना की मौजूदा प्रणाली शिकायत निवारण करने के लिए काफी तेज है। फिर भी अगर ये प्रणाली उनकी शिकायतें दूर नहीं कर पा रही है, तो इस नंबर के जरिए सीधे सेना प्रमुख के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

गायत्री मामले में बुरे फंसे अखिलेश, अब राज्यपाल ने लिखी चिट्ठी

सामुहिक बलात्कार के आरोपी और अखिलेश कैबिनेट में मंत्री गायत्री प्रजापति के चक्कर में इन दिनों अखिलेश यादव बुरी तरह फंसे हुए हैं। विरोधी दल चुनाव प्रचार में लगातार गायत्री की फरारी को मुद्दा बना रहे हैं। इसी बीच रविवार को प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को चिट्ठी लिखकर सवाल किया कि उनके कैबिनेट में बने रहने का क्या औचित्य है।

जल्द से जल्द मांगा जाब

चिट्ठी में राज्यपाल ने लिखा है कि, उच्चतम न्यायालय ने कैबिनेट मंत्री, श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर एक महिला तथा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अपने साथियों सहित सामूहिक दुष्कर्म के आरोप को संज्ञान में लेते हुए गैर जमानती वारण्ट जारी किया है। इस प्रकार के मंत्री के कैबिनेट में बने रहने तथा उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से लोकतांत्रिक शुचिता, संवैधानिक मयार्दा व संवैधानिक नैतिकता का गंभीर प्रश्न उत्पन्न होता है। राज्यपाल ने अपने पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के कैबिनेट में बने रहने के औचित्य पर अपने अभिमत से उन्हें शीघ्रातिशीघ्र अवगत कराएं।

राज्यपाल ने की गायत्री की निंदा

राज्यपाल नाईक ने कहा है कि मीडिया में आई खबरों के अनुसार फरार चल रहे उक्त कैबिनेट मंत्री के विदेश भाग जाने की आशंका को देखते हुए गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उनके

विरुद्ध न केवल लुक आउट नोटिस जारी किया गया है बल्कि पासपोर्ट प्राधिकारी द्वारा उनका पासपोर्ट भी निलम्बित कर दिया गया है। प्रजापति के राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए कथित रूप से कारित किया गया उपरोक्त आशय का अपराध एक नितान्त गंभीर प्रकृति की घटना है।

राज्यपाल ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि समाचार पत्रों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विभिन्न चैनलों से यह भी ज्ञात होता है कि स्वयं मुख्यमंत्री ने भी सार्वजनिक रूप से कहा है कि प्रजापति को तुरंत आत्म-समर्पण कर देना चाहिए परन्तु जैसा कि ज्ञात होता है कि प्रजापति द्वारा अभी तक आत्म-समर्पण नहीं किया गया है और वह लगातार फरार चल रहे हैं, उनके विदेश भाग जाने की आशंका है। उन्होंने कहा है कि समाचार पत्रों में आई खबरों के अनुसार फरार चल रहे गायत्री की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा उनके विभिन्न ठिकानों पर लगातार छापेमारी भी की जा रही है।

लोकायुक्त जांच भी हुई शुरू

गैंगरेप केस में फरार चल रहे गायत्री प्रजापति के खिलाफ लोकायुक्त में जांच खुल गई है। गायत्री के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त ने नोटिस भेजा है। लोकायुक्त ने गायत्री सहित उनके परिवार जनों को नोटिस भेजा है। बताया जा रहा है कि लोकायुक्त को गायत्री के खिलाफ दोबारा जांच करने का शिकायती पत्र दिया गया था। ऐसा ही एक शिकायती पत्र चुनाव आयोग को भी दिया गया था।

केशव मौर्य ने भी किया ट्वीट

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य ने भी रविवार को गायत्री को बर्खास्त करने की मांग करते हुए ट्वीट किया था। मौर्य ने अखिलेश को संबोधित करते हुए कहा था कि वे गायत्री को बर्खास्त करें, गिरफ्तार तो 11 तारीख के बाद उनको कर ही लिया जाएगा।

13 साल बाद काशी विद्यापीठ में किसी प्रधानमंत्री की रैली

वाराणसी। नरेंद्र मोदी वाराणसी में आज फिर रोड शो कर रहे हैं। पीएम का अपने संसदीय क्षेत्र में ये दो दिन में दूसरा रोड शो है। यहां का शिया मुस्लिम समुदाय मोदी के स्वागत की तैयारी कर रहा है। पीएम यहां एक रैली भी करेंगे। इसके बाद मोदी करीब 8 बजे डीएलडब्लू में प्रबुद्ध मिलन प्रोग्राम में शिरकत करेंगे। 13 साल बाद काशी विद्यापीठ पर कसिी पीएम की सभा होगी। मोदी से पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने यहां सभा की थी। गाड़ी से शीशा हटाकर बाहर निकले पीएम। पब्लिक का हाथ हिलाकर कर रहे अभिवादन किया। काफिला पांडेयपुर, हुकुलगंज और चौकाघाट होते हुए मलदाहिया रोड पहुंचा। इस दौरान हर हर मोदी के नारे लगे। चौकाघाट पर बीजेपी समर्थकों ने ढोल की धुन पर काफी देर तक डांस किया। शिया समाज चौकाघाट पर पीएम के स्वागत की तैयारी कर रहा है। कई मुस्लिम महिलाएं हाथ में फूलों की माला लेकर मोदी का इंतजार करते देखी गईं। पीएम ने इनका हाथ जोड़कर अभिवादन किया। हालांकि, सिक्युरिटी के चलते मोदी इनके करीब नहीं पहुंचे। 13 साल बाद काशी विद्यापीठ पर कसिी पीएम की सभा होगी। मोदी से पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने यहां सभा की थी। 9महिलाएं फूलों की टोकरी लेकर पीएम का इंतजार कर रही हैं। मोदी ने शनिवार को किया रोड शोः 2 मंदिरों में गए, मुस्लिमों से मिली शॉल माथे पर लगाई नरेंद्र मोदी ने तीन साल बाद शनिवार को बनारस में रोड शो किया। दो घंटे का यह रोड शो 12 किमी तक चला। सक्युरिटी को लेकर खतरे की परवाह ना करते हुए मोदी पूरे वक्त ओपन कार में रहे। उन्होंने दो मंदिरों में दर्शन किए। एक इलाके में मुस्लिमों की तरफ से तोहफे में मिली शॉल को खुद मांगकर माथे पर रख लिया। बता दें कि मोदी सोमवार तक बनारस में ही रहेंगे। उनके साथ 11 केंद्रीय मंत्री भी बनारस और उसके पास 89के इलाकों में रहेंगे। यहां आखिरी फेज के तहत 8 मार्च को वोटिंग है। सोमवार को प्रचार थमेगा। मोदी जब विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे तो उनकी नजर बीजेपी नेताओं के बीच खड़े श्यामदेव राय चौधरी पर पड़ी। मोदी एसपीजी घेरा तोड़कर आगे आए और चौधरी का हाथ थाम उन्हें मंदिर के अंदर ले गए। दर्शन के दौरान चौधरी मोदी के साथ ही रहे। बता दें कि चौधरी को इस बार बीजेपी ने टिकट नहीं दिया था। चौधरी सात बार बनारस से विधायक रहे। लेकिन इस बार उनकी जगह बीजेपी ने नीलकंठ तिवारी को टिकट दिया है। वाराणसी में 8 विधानसभा सीटें हैं। इनमें पिंडरा- कांग्रेस, अजगरा (सु)- बसपा, शिवपुर- बसपा, वाराणसी उत्तरी-बीजेपी, वाराणसी दक्षिणी- बीजेपी, वाराणसी कैंट- बीजेपी, सेवापुरी-सपा के पास है। वहीं, रोहनिया सीट 2012 में अपना दल के पास थी, लेकिन बाई इलेक्शन में ये सीट सपा के पास चली गई। इस तरह कांग्रेस और बसपा के पास 2-2, बीजेपी के पास 3 और सपा के पास 2 सीटें हैं। बनारस पर फोकस क्यों? सीनियर जर्नलिस्ट श्रीधर अग्निहोत्री ने बताया कि बनारस पर फोकस की एक वजह तो ये है कि वाराणसी मोदी का संसदीय क्षेत्र है, जबकि बीजेपी का प्लान था कि पश्चिम के चुनाव पर दिल्ली से फोकस किया जाएगा।23मध्य यूपी के चुनाव में बड़े नेताओं ने लखनऊ में डेरा डाल रखा था। इसी तरह, पूर्वांचल की 89 सीटों के लिए बड़े नेताओं ने वाराणसी में डेरा डाला हुआ है। वाराणसी से ही नेता पूर्वांचल के बाकी 4जिलों पर भी फोकस करेंगे। 89बनारस पर फोकस की एक वजह ये भी है कि वाराणसी में अभी 3 सीटें ही बीजेपी के पास हैं। ऐसे में, वाराणसी में सीटों की संख्या बढ़ाने पर बीजेपी नेताओं का ज्यादा जोर है। साथ ही, पूर्वांचल की 89 सीटें ही बीजेपी का यूपी में भविष्य तय करेंगी।

संक्षिप्त खबर

गैंगरेप के आरोपी गायत्री अब तक मंत्री क्यों

लखनऊ। यूपी के गवर्नर राम नाइक ने गैंगरेप की आरोपी मंत्री गायत्री प्रजापति के मुद्दे पर सीएम अखिलेश यादव को लेटर लिखा। रविवार को उन्होंने पूछा,गायत्री को अब तक कैबिनेट मंत्री बनाए रखने पर अपनी राय बताएं। मंत्री रहते हुए उन्होंने जो किया, वह गंभीर अपराध है। बता दें कि प्रजापति समेत 7 लोगों पर एक महिला से गैंगरेप और उसकी नाबालिग बेटी के सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर पर यूपी पुलिस ने केस दर्ज किया। फिलहाल सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। गवर्नर ने दी थी मंत्री को सरेंडर की सलाह.राम नाइक ने सीएम को लेटर में लिखा,सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर मामले में प्रजापति के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। इन हालातों में उनका मंत्री बने रहना और कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से लोकतांत्रिक मयार्दा पर सवाल खड़ा होता है। कैबिनेट मंत्री रहते हुए गायत्री ने जो किया, वो गंभीर अपराध है। इस पर अपनी राय बताएं। इसके पहले शुक्रवार को राम नाइक ने कहा था कि गायत्री को पुलिस के सामने सरेंडर कर देना चाहिए, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। ऐसे में कानून को अपना काम करना चाहिए।मुझे भरोसा है कि कोर्ट ने जो आदेश दिया है, उस पर काम होगा। दूसरी ओर, शनिवार को गायत्री के खिलाफ कोर्ट ने गैर-जमानती वारंट जारी किया। उनका पासपोर्ट भी 4 हफ्तों के लिए सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस ने मंत्री और उनके साथी आरोपियों की तलाश में कानपुर, अमेठी और लखनऊ के कई इलाकों में दबिश दी है। केशव मौर्य ने कहा- 11 के बाद हम गिरफ्तार करेंगे दूसरी ओर, यूपी के बीजेपी प्रेसिडेंट केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट में कहा, "अखिलेशजी अपने चहेते मंत्री को गिरफ्तार कराएंगे नहीं, बर्खास्त तो करें। कॉल डिटेल से पता चला है कि गायत्री की कई बार महिला से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। 17 जुलाई, 2016 को भी महिला की लोकेशन गायत्री के घर पर ही निकली थी। महिला का आरोप है कि इसी दिन मंत्री के घर पर उसके साथ गैंगरेप और बेटी के साथ रेप की कोशिश की गई। बता दें कि सितंबर, 2016 में अखिलेश ने गायत्री को खनन मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था। उस वक्त माइनिंग स्कैम को लेकर हाईकोर्ट में पिटीशन फाइल हुई थी, जिसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। फीर भी उनको परिवहन विभाग का मंत्री बना दिया।

कश्मीर में एनकाउंटर 2 आतंकी मारे गए

श्रीनगर। कश्मीर के त्राल में आतंकियों और आर्मी जवानों के बीच हुए एनकाउंटर में 2 आतंकी मारे गए। इसमें एक पुलिस का जवान शहीद हो गया। पुलिस जवान का नाम मंजूर अहमद है। आर्मी के मेजर समेत 5 जवान जख्मी हुए हैं।

बुरहान के साथी सब्जार अहमद के छिपे होने का शक था.सिक्युरिटी फोर्सेस और आतंकियों के बीच एन्काउंटर फिलहाल खत्म हो गया हैकश्मीर के त्राल इलाके में शनिवार को 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। बताया गया था कि आतंकी बुरहान वानी का करीबी और हिजबुल का टॉप कमांडर सब्जार अहमद भी शामिल है। आर्मी ने पूरे इलाके को घेर लिया था। आतंकी त्राल इलाके के एक घर में छुपे थे। यहीं से रुक-रुक कर फायरिंग कर रहे थे।

बता दें कि यह पिछले साल मारा गया आतंकी बुरहान वानी भी इसी इलाके का रहने वाला था। वानी को घाटी का पोस्टर ब्वॉय माना जाता था। वह आतंकियों की भर्ती करता था। पिछले साल 8 जुलाई को सिक्युरिटी फोर्सेस ने उसे एन्काउंटर में मार गिराया था।

नाराज लोगों ने थाना और पुलिस जीप में लगाई आग

आरा। बिहार के भोजपुर जिले के बहड़रा में पुलिस हिरासत में युवक की मौत से नाराज लोगों ने रविवार को बड़हरा थाना में आग लगा दिया। पुलिस की कई गाड़ियों में तोड़फोड़ करने के बाद लोगों ने आग के हवाले कर दिया। कई पुलिसकर्मी डर से एक कमरे में बंद हो गए। जिला मुख्यालय से और पुलिस बल को बुलाया गया। प्रखंड मुख्यालय में भी तोड़फोड़...4नाराज लोगों ने बड़हरा प्रखंड कार्यालय में भी तोड़फोड़ कर दिया हैं। इस दौ30रान कई पुलिसकर्मी पब्लिक के पथराव से घायल भी हो गए हैं। थाना के पेपर को लोगों ने जला दिया है। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों की पिटाई भी कर दी। थानेदार समेत तीन सस्पेंड डीआईजी ने बड़हरा थाना प्रभारी को सस्पेंड कर दिया है। एक एसआई और एक पुलिस जवान को भी निलंबित कर दिया गया है। बड़हरा में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।कई बड़े अधिकारी कैंप कर रहे हैं। पुलिस हिरासत में कल हुई थी मिस्त्री की मौत बड़हरा थाना के बड़हरा गांव से शराब पीने के आरोप में पकड़े गए एक राज मिस्त्री छेना प्रसाद की शनिवार को थाने के छत से गिरकर मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने पर शाम करीब पांच बजे इलाज के लिए सदर अस्पताल आरा लाये जाने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार शराब के नशे में धुत राजमिस्त्री को पकड़कर थाने लाया गया था। सूत्र बताते हैं कि वह किसी तरह थाने की छत पर चढ़ गया। वहीं से गिरकर वह गंभीर जख्मी हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- भागने के दौरान चलती जीप से गिर गया था, सिर में आई थी गंभीर चोट सदर एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि शराब के नशे में धुत राजमिस्त्री छेना तांतवा को गिरफ्तार कर पुलिस जीप से थाने लाया जा रहा था। इसी दौरान चलती गाड़ी से कूदकर भागने का प्रयास किया। जिसमें गिरने से उसका सिर फट गया। इसके बाद उसे पहले इलाज के लिए उसे बड़हरा पीएचसी में ले जाया गया। वहां पर बैंडेज-पट्टी करने के बाद डॉक्टर ने उसे आरा रेफर कर दिया। इस दौरान आरा लाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मार डाला-बेटी पुलिस हिरासत में मरे छेना प्रसाद की बेटी नीतू कुमारी कहा कि मेरे पापा को पुलिस ने पीटकर मार डाला। छेना प्रसाद की बेटी नीतू कुमारी कहा कि बड़हरा पुलिस ने मेरे पापा को पकड़कर थाना ले गई तो मेरे घरवाले थाना में पापा को छुड़ाने गये थे। हमलोग दो घंटा तक थाना में रहे। लेकिन, पुलिस वाले मेरे पापा को नहीं छोड़े।

बारिश के लिए करवा दी जाती है दो लड़कों की

बेंगलुरु के ग्रामीण क्षेत्रों में दो लड़कों की शादी करवाना आम बात है। ये एक ऐसी परंपरा है जिसे गुप्त रखा जाता है। जिससे उस क्षेत्र में अच्छी बारिश हो। बारिश के लिए करवाई गयी इस अनोखी शादी में एक लड़का दूल्हे की पोशाक में तैयार था तो दूसरा लड़का दुल्हन की पोशाक में। फिर इन लड़कों की शादी करवाई गई। गांववालों का कहना है कि यह शादी पर्याप्त बारिश लाने के लिए की गई पूजा का एक हिस्सा है। गांववालों का मानना है कि इस शादी से पूरे क्षेत्र में खुशहाली आएगी और गांव समृद्ध होंगे। इस अनोखे विवाह का आयोजन महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर किया गया।

मंदिर में संपन्न हुए इस विवाह में काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। सूत्रों के मुताबिक इस शादी के लिए गांव के हर घर से पैसे एकत्र किए गए। जिसके बाद इस शादी समारोह का आयोजन हुआ। साथ ही लोगों को शादी में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया गया। स्थानीय लोग इसे अपने रिवाज का एक हिस्सा मानते हैं। उनके मुताबिक लड़कों की शादी का यह रिवाज 'हाराके' परंपरा का एक हिस्सा है।

पूरे क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए इस पूजा का आयोजन किया जाता है। इसकेलिए दो लड़कों को चुना जाता है, फिर उन्हें दूल्हा-दुल्हन की पोशाकों में सजाया जाता है। इस समृद्धि की शुरूआत बारिश के साथ होती है। गांववालों का मानना है कि लड़कों की शादी उनकी समस्याओं को खत्म करने में मदद करती है।

गुफा में बना ये खूबसूरत आशियाना

आशियाने की जरूरत होती है और अपना सिर छुपाने के लिए वह कोई न कोई इंतजाम कर ही लेता है। कोई रहने के लिए झोपड़ी बन लेता है तो कोई पहाड़ों को काटकर अपना आशियाना बना लेता है। अक्सर हम बहुत से अजीबोगरीब घरों के बारे में पढ़ते हैं, आज हम आपको एक ऐसे ही अनोखे घर के बारे में बता रहे हैं जिसे गुफा काटकर बनाया गया है। 700 वर्ष पुराने इस घर का निर्माण एंजेलो नामक व्यक्ति ने किया था दरअसल तेज तूफान से बचने के लिए एंजेलो ने इस गुफा में शरण ली। एंजेलो ने इस गुफा की नीलामी के दौरान इसको खरीद लिया था। उसने पत्थरों को काट-काट कर गुफा में रहने के लिए आशियाना बनाना शुरू कर दिया, जिसको बनाने में लगभग 1000 घंटे लगे। ऐसा कहा जाता है कि एंजेलो ने इस गुफा में घर बनाने के लिए 80 टन का मलबा हटाया था। इस घर में पानी



की व्यवस्था के लिए पाइप लाइंस भी बिछाई गई है। इसके अंदर जाने के लिए सबसे पहले उन्होंने रास्ता बनाया। ऐसा करने में उन्हें 11 दिन का वक्त लगा जिसके बाद वह यहां से 5 फुट चौड़ा पत्थर निकाल पाए। गुफा में सुख-सुविधा की हर चीजें मौजूद हैं। यहां बिजली पानी का इंतजाम है। साथ ही वाई-फाई, अंडर फ्लोर हीटिंग, चिमनी और आग जलाने के लिए फायर प्लेस भी मौजूद है। गुफा का प्राकृतिक सौंदर्य खत्म न हो इसके लिए सिंक और वॉश बेसिन में लकड़ी, पत्थर का इस्तेमाल किया गया है।

मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

मेष

मान-प्रतिष्ठा में कमी होगी। वाहन-मशीनरी, चोरी-हानि इत्यादि से बचेंगे। शत्रु परेशान करेंगे। व्ययभार बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय धीमा चलेगा।
ो।

सिंह

पुराने विवाद सुलझने से प्रसन्नता बढ़ेगी। रुके कार्य होंगे। व्यापार निवेश लाभदायक होंगे। इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। पराक्रम से लाभ होगा।

धनु

शत्रु से हानि, प्रतिष्ठा को आघात लग सकता है। कार्यों में व्यवधान आ सकता है। विवाद टालें। अस्वस्थता रहेगी। चिंता रहेगी।

वृष

रुका हुआ धन वापस आने के प्रयास करें। शत्रु शांत रहेंगे। यात्रा लाभकारी रहेगी। नौकरी, इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। भागदौड़ रहेगी।

कन्या

विरोधी शांत रहेंगे। नौकरी, निवेश, व्यापार से लाभ होगा। यात्रा लाभकारी रहेगी। जोखिमभरे कार्यों से बचें। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यय वृद्धि होगी।

मकर

जोखिमभरे कार्यों में सावधानी आवश्यक है। पराक्रम से लाभ होगा। अति उत्साह हानिकारक होगा। व्यापार ठीक चलेगा। विश्वासघात संभव है।

मिथुन

पुरानी योजनाएं कार्यान्वित होंगी। निवेश लाभ देगा। व्यापार-नौकरी से लाभ होगा। शत्रु पराजित होंगे। संतान पक्ष की चिंता रहेगी।

तुला

व्यापार-निवेश से लाभ, संतान पक्ष की चिंता होगी। शत्रु शांत रहेंगे। नौकरी-इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। शरीर सुस्त रहेगा। जोखिम न लें।

कुंभ

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। यात्रा लाभकारी होगी। पराक्रम से लाभ, व्यापार निवेश से लाभ होगा। रुका हुआ धन मिलेगा, प्रयास करें।

कर्क

शासकीय कार्य लाभ देंगे। धार्मिक यात्रा में खर्च होगा। जोखिमभरे कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शत्रु समय का इंतजार करेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक

पार्टी-दावत का लुत्फ उठाएंगे। बुद्धि से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। शत्रु शांत रहेंगे, हानि से बचें। जोखिम-जमानत के कार्य टालें।

मीन

कुसंगति से हानि, व्यापार-व्यवसाय धीमा चलेगा। पराक्रम से लाभ होगा। जोखिमभरे कार्य सावधानी से करें। यात्रा व निवेश आदि मनोनुकूल रहेगा।

मुंबई हलचल सुडोकू-91

4	8						1	6
	9		1		7	4	8	
			8			9		
		1	3	7		5		
2			5	6				
	4	7			2	6		
3			4	8	9			
9							4	7
				3				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येकक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3*3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रहे।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

मुंबई हलचल सुडोकू-90

3	8	7	5	4	9	6	2	1
4	5	1	3	6	2	9	7	8
6	9	2	1	7	8	3	4	5
5	3	8	2	9	7	1	6	4
9	1	6	4	5	3	7	8	2
2	7	4	8	1	6	5	3	9
7	2	9	6	8	1	4	5	3
8	6	5	9	3	4	2	1	7
1	4	3	7	2	5	8	9	6

कॉलेज गर्ल: एडमिशन लेने से पहले आप भी जान लें 5 एडल्ट बातें!

10वीं या 12वीं के बाद बच्चे अपने लिए कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए भाग-दौड़ करने लगते हैं, ताकि वह अपनी आगे की पढ़ाई को जारी रख सके लेकिन नए कॉलेज में कई तरह की दिक्कतों जैसे, रैगिंग, नए फ्रैंड बनाना, अपना टाइमटेबल बनाना अन्य आदि का सामना करना पड़ता हैं। इन सब में सबसे बड़ी दिक्कत होती है, सीनियर्स की एडल्ट बातें सुनना और उनका अच्छे से जवाब देना। इन सब बातों का आपको पता होना चाहिए क्योंकि अब आप छोटे बच्चे नहीं बल्कि बड़े हो चुके हैं। अगर आपको इन एडल्ट बातों का पता होगा तो ही आप कॉलेज के हीरो या मिस ब्यूटीफुल बन सकती है।



1. ब्रेकअप और पैचअप

भले ही आपको अभी किसी ने प्यार न हुआ हो लेकिन कॉलेज में ऐसे चानसेज बढ़ जाते है। ऐसे में आपको प्रपोज करने वाला सवाल कर सकता है कि आपका एक्स कैसा था, ब्रेकअप और पैचअप कितनी बार हुआ। इसके लिए अपने आप को तैयार कर लें।

2. पीरियड्स पर बात-चीत

कॉलेज स्टटूडेंट को हर बात का पता होता है फिर वह बात पीरियड्स से जुड़ी क्यों न हो। पीरियड्स पर बिंदास डिस्कसशन लड़कियां ही नहीं, बल्कि लड़के भी करते हैं। ऐसे में बिल्कुल भी न डरें।

3. सेक्स टॉक

स्कूल टाइम भले ही आपने इस बात पर विचार न किया हो लेकिन कॉलेज में बच्चे खुलेआम इस पर बाते करते है। ऐसे में कोई भी आपसे इससे जुड़ा सवाल कर सकते है, इसलिए इन बातों को हैंडल करना पहले ही सीख लें।

4. गे या लेस्बिन

कॉलेज में हर तरह के स्टटूडेंट मिलते है। कोई आपसे इस तरह का सवाल पूछे तो ि स बात को लेकर डरे नहीं बल्कि बिंदास होकर इस सवाल का जवाब दें।

5. नॉनवेज जोक्स

कॉलेज में सीनियर्स अक्सर बैंड बजा देते है, वह आप पर नॉनवेज जोक्स क्रैक कर सकते हैं। ऐसे में अपने आप को उनके मीनिंग समझने के लिए तैयार रहना चाहिए।

शारीरिक संबंध को मजबूत बनाने में मददगार हैं जुराबें!

मोजे यानि जुराबे पहनने से सदीर्यों में ठंड़ से बचा जा सकता है। इससे पैरों को आराम भी मिलता है और धूल-मिट्टी से भी बचे रहते हैं। वैसे तो पैरों को साफ रखने के लिए आजकल लोग गर्मियों में भी जुराबे पहनते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि मोजे सैक्स लाइफ को बेहतर बनाने के लिए बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। एक शोध के मुताबिक शारीरिक संबंध बनाते समय पैरों में जुराबे पहनने से औरतें ऑर्गेजम का दोगुना आनंद उठाती हैं। जुराबो को पहनने से पैरों को गर्मी मिलती है जिससे दिमाग में सेक्सुअल संसेशन एक्टीवेट हो जाते हैं। इससे महिलाएं खुद को तनाव मुक्त महसूस करती है।

इस टिप्स से आप भी अपनी सैक्स लाइफ को बेहतर बना सकते हैं। इस शोध में यह बात सामने आई कि जहां पर अपने पार्टनर के साथ सिर्फ 50 प्रतिशत महिलाएं ही खुश थी। इस प्रयोग के बाद 70-80 प्रतिशत लोगों को इसका फायदा हुआ है। आप अपनी सैक्स लाइफ को और भी खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आज से ही जुराबे पहनने की आदत डाल लें। इससे आप अपनी लाइफ में और भी खुशिया हासिल कर सकते हैं।

फेमस जगह, जहां किस करने वालों को मिलता हैं गुडलक!

कपल्स हमेशा ऐसी जगह पर जाना पसंद करते हैं जहां जाकर वह एक-दूसरे के करीब आ सकें। आज हम आपको एक ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे है जो लवर्स के लिए काफी फेमस है। जी हां, इस जगह पर कई प्रेमी जोड़े आते हैं। मैक्सिको का एक बहुत ही पुराना शहर है गुआनाग्वाटो। कपल इस शहर में आकर एक-दूसरों को किस करते है। आप भी सोच रहे होगे कि आखिर कपल यहां आकर किस क्यों करते हैं। कहा जाता है कि यहां किस करने से 15 साल का गुडलक मिलता है। इस शहर में हर गली में सीढियां है। अधिकतर सारी सीढ़ियां कपल्स से भरी होती है। आपको बता दें कि यहां एक नैरो कॉबलस्टोन गली है जहां पर अगर कपल किस करते है तो उनकी जोड़ी हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा उन्हें 15 साल तक के लिए गुडलक मिलता है। दूर-दूर से लोग इस शहर में आते हैं और अपने पार्टनर के साथ समय बिताते है। यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर 2 प्रेमियों की मौत हुई थी। अक्सर वह प्रेमी यहीं पर किस करते थे इसलिए यहां कपल आकर किस करते है। कहते हैं कि अगर यहां पर प्रेमी जोड़ा किस नहीं करते तो उनके रिश्ते पर बुरा असर पड़ता है। प्रेमियों से भरा यह शहर देखने में काफी सुंदर लगता है।

लड़कियों को इस प्रोफेशन के लड़के आते हैं पसंद!

पहले समय में लड़कियां लड़कों की जॉब पर इतना ध्यान नहीं देती थी क्योंकि लड़की के घरवाले ही उसका रिश्ता तय करते थे। वहीं, आजकल लड़कियां लड़कों की जॉब से इम्प्रेस होती हैं इसीलिए लड़के अपने करियर को लेकर काफी सीरियस रहते हैं। आज हम आपको बताते हैं कि लड़कियां किस प्रोफेशन से प्रभावित होती हैं।

1. डॉक्टर

लड़कियों को डॉक्टर काफी पसंद होते हैं। डॉक्टर लोगों की मदद करते हैं। इसके अलावा इस प्रोफेशन में काफी पैसा भी होता है इसलिए लड़कियां इस तरह के लड़के पसंद करती हैं।

2. सेना से जुड़े लड़के

कई लड़कियां सेना से जुड़ें लड़कों के साथ शादी करना पसंद करती हैं। ज्यादातर सेना से जुड़ें लड़के उन्हें लड़कियों को पसंद होते हैं जिनका बैकग्राउंड सेना से जुड़ा हो।

3. एक्टर

एक्टर हर लड़की को पसंद होता है क्योंकि उसकी अलग पहचान होती है। एक्टर के साथ शादी करने से उनकी भी एक अलग पहचान बन जाती है।

4. पायलट

पायलट बहुत हैंडसम होते हैं इसलिए लड़कियां इनसे शादी करना पसंद करती हैं। पायलट अच्छा कमा लेते है। ऐसे में लड़की इन्हें न करने के बारे में सोच ही नहीं सकती।

5. इंजीनियर

लड़कियों को इंजीनियर बहुत पसंद आते हैं क्योंकि उनकी अपनी पर्सनैलिटी होती है। इंजीनियर का नेचर भी काफी अच्छा होता है इसलिए लड़कियां इन्हें पसंद करती हैं।

रेनशॉ और शान का अर्धशतक

बेंगलुरु, सलामी बल्लेबाज मैट रेनशॉ और शान मार्श की जुझारु अर्धशतकीय पारियों, भारतीयों के लचर क्षेत्ररक्षण और डीआरएस की चूक का फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां पहली पारी में बढ़त हासिल करके दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन भी अपना पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 237 रन बनाये हैं और उसे 48 रन की बढ़त हासिल हो चुकी है। पुणे में पहला टेस्ट मैच 333 रन से गंवाने वाली भारतीय टीम पहली पारी में 189 रन पर आउट हो गयी थी। सलामी बल्लेबाज रेनशॉ (60) और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे शान मार्श (66) ने टर्न लेते विकेट पर भारत के दो मंझे हुए स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के सामने गजब का जज्बा दिखाया और ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभायी। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 52 रन जोड़े। शान ने इसके बाद मैथ्यू वेड (नाबाद 25) के साथ छठे विकेट के लिये भी 57 रन की साझेदारी की। स्टंप उखड़ने के समय वेड के साथ मिशेल स्टार्क 14 रन पर खेल रहे थे। जडेजा भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 17 ओवरों में 49 रन देकर तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा (39 रन देकर एक), अश्विन (75 रन देकर एक) और उमेश यादव (57 रन देकर एक) ने एक एक विकेट हासिल किया है। स्टार आफ स्पिनर अश्विन ने 41 ओवर किये लेकिन सुबह अपने तीसरे ओवर में विकेट लेने के बाद वह दिन भर सफलता के लिये जूझते रहे। इस बीच क्षेत्ररक्षकों से भी उन्हें और अन्य गेंदबाजों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। भारत ने कुछ ऐसे कैच टपकाये जिन्हें आसानी से लिया जा सकता था। इसके अलावा निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) में भारत के आकलन फिर से गलत साबित हुए। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दो विकेट पर 40 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन पहले सत्र के 29 ओवरों में वह केवल 47 रन ही जोड़ पाया और इस बीच उसने डेविड वार्नर (33) और कप्तान स्टीवन स्मिथ (आठ) के दो महत्वपूर्ण विकेट गंवाये। भारत ने दूसरे सत्र में आखिरी घंटे में रेनशॉ सहित तीन विकेट लिये। इस सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 35 ओवर खेले और इस बीच 76 रन जोड़े। शान मार्श तीसरे सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 26 ओवरों में 74 रन बनाये। सुबह अश्विन ने इशांत के साथ गेंदबाजी का आगाज किया और उन्होंने दिन के छठे ओवर में खूबसूरत गेंद पर वार्नर का आफ स्टंप हिलाकर भारत को पहली सफलता दिलायी। गेंद ने एकदम से टर्न लिया जिस पर वार्नर पूरी तरह से गच्चा खा गये थे। उन्होंने 67 गेंदों का सामना किया तथा तीन चौके लगाये। पुणे में पहले टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले स्मिथ लंच से तीन ओवर पहले पवेलियन लौटे। उन्होंने अपने आठ रन के लिये 52 गेंदें खेली तथा एक बार भी गेंद को बाउंड्री तक नहीं पहुंचाया। उन्होंने जडेजा की गेंद पर रक्षात्मक शाट खेलना चाहा जो उनके बल्ले का किनारा लेकर पैड से लगकर विकेटकीपर रिद्धिमान साहा के पास पहुंची जिन्होंने डाइव लगाकर उसे कैच किया। भारतीयों को दूसरे सत्र के 20 से अधिक ओवरों में जूझना पड़ा और इस बीच उन्हें सफलता नहीं मिली। रेनशॉ और शान मार्श ने गजब का जज्बा दिखाया और तीसरे विकेट के लिये 52 रन जोड़े। रेनशॉ 67वें ओवर में आउट हुए जिसके बाद कुछ समय के लिये परिदृश्य बदला। रेनशॉ का यादव की गेंद पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने स्लिप में कैच छोड़ा था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। उन्हें आखिर में जडेजा ने साहा के हाथों स्टंप आउट करवाया। इससे पहले उन्होंने अश्विन की गेंद पर दो रन लेकर अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। सुबह 15 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाने वाले रेनशॉ ने 196 गेंदों का सामना किया तथा पांच चौके लगाने के अलावा जडेजा की गेंद पर आउट होने से ठीक पहले मिडआफ पर छक्का भी लगाया। जडेजा ने यहां पर चतुराई दिखायी। रेनशॉ फिर से आगे बढकर खेलना चाहते थे लेकिन गेंद उनके लेग साइड से निकल गयी और साहा ने तेजी दिखाकर स्टंप आउट करने में देर नहीं लगायी। जडेजा ने इसके बाद पीटर हैंड्सकाम्ब (16) को आउट किया जो गेंदबाजों पर हावी होने की रणनीति के साथ क्रीज पर उतरे थे।

मेसी के शानदार खेल से बार्सिलोना जीता

मैड्रिड, लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन से बार्सिलोना ने सेल्टा विगो को ला लिगा फुटबाल टूनार्मेंट में 5-0 से करारी शिकस्त दी जो उसकी कोच लुई एनरिक की सत्र की समाप्ति के बाद क्लब छोडने. की घोषणा के बाद पहला मैच था। मेसी ने दो गोल किए और दो गोल करने में मदद की जिससे बार्सिलोना ने यह मैच आसानी से जीता।

उधर रीयाल मैड्रिड ला लिगा में बार्सा से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि उसे एक मैच अधिक खेलना है। रीयाल ने करीम बेंजेमा के दो गोल की मदद से क्रिस्टियानो रोनाल्डो और गेरेथ बेल की अनुपस्थिति के बावजूद आइबर पर 4-1 से जीत दर्ज की।

साक्षी के ट्वीट का खेल मंत्री ने दिया जवाब, कहा- दे चुके हैं ढाई करोड़ का चेक

नई दिल्ली, रियो ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता महिला पहलवान साक्षी मलिक ने पदक जीतने के बाद ईनाम की राशि अब तक न मिलने को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए हरियाणा सरकार से पूछा था कि पदक का वादा मैंने पूरा किया, हरियाणा सरकार अपना वादा कब पूरा करेगी। साक्षी के इस ट्वीट के बाद हरियाणा के खेल मंत्री अनिल विज ने इस आरोप को गलत बताया है। उन्होंने कहा है कि साक्षी मलिक जिस दिन मेडल जीतकर आई थीं उसी वक्त ढाई करोड़ का चेक मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें दे दिया गया था। अनिल विज ने बताया कि साक्षी ने एमडीयू यूनिवर्सिटी में नौकरी की मांग की थी, हालांकि वहां पर इसके मुताबिक पोस्ट नहीं थी, लेकिन वह पोस्ट क्रिएट करने की सभी मंजूरियां देकर हमने एमडीयू यूनिवर्सिटी को लिख दिया था। वहां इसके सर्विस रूल तैयार करके नौकरी दे दी जाएगी। खेल मंत्री ने आगे कहा कि साक्षी ने कहा था जहां मैं प्रैक्टिस करती हूं उस हॉल को ठीक क राया जाए और वहां एसी भी लगाई जाए। उसके लिए भी हमने 80 लाख रुपए मंजूर करके भेज दिए हैं। हॉल बनने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। बता दें कि 24 वर्षीय साक्षी गत वर्ष रियो ओलंपिक में 58 किग्रा फ्री स्टाइल वर्ग में देश के लिए कांस्य पदक जीती थी। इसके बाद हरियाणा सरकार ने उन्हें 2.5 करोड़ रुपए पुरस्कार राशि देने की घोषणा की थी। लेकिन अब साक्षी का कहना है कि उन्हें अभी तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है।

मरे ने जीता वर्ष का पहला खिताब दुबई ओपन

दुबई, विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ब्रिटेन के एंडी मरे ने स्पेन के फर्नांडो वर्दास्को को फाइनल में लगातार सेटों में 6-3,6-2 से हराकर दुबई ओपन टैनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। शीर्ष वरीय मरे का यह वर्ष का पहला खिताब भी है।

वर्दास्को के खिलाफ पिछले 13 मुकाबलों में 12 जीत चुके मरे ने फाइनल में अपेक्षाकृत सतर्क शुरूआत की लेकिन जल्द ही खेल में तेजी लाते हुए पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। तेज गति से गेंद पर प्रहार करने में माहिर वर्दास्को ने इस मैच में भी अच्छी शुरूआत की और एक समय मरे के खिलाफ बढ़त भी बना ली थी लेकिन मरे ने तमाम अनुभव को झोंकते हुए स्पेन के प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ा और सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में मरे ज्यादा प्रभावी दिखे और शक्तिशाली खेल दिखाते हुए सेट और खिताब अपने नाम कर लिया। यह मरे का 45 वां करियर खिताब भी है। मरे ने जीत के बाद खुशी जाहिर करते हुए कहा कि निश्चित रूप से मैं यहां पहली बार जीतकर बेहद खुश हूं। यह वर्ष की बेहतरीन शुरूआत कही जा सकती है। क्वार्टरफाइनल में जिस प्रकार मैंने जर्मनी के फिलिप कोलश्रेबर को 3 सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में पीछे छोड़ते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी उससे मेरे आत्मविश्वास में खासी बढ़ोत्तरी हुयी थी और मुझे यहां खिताब जीतने का भरोसा था। मैं आगे भी इसी लय को जारी रखने की कोशिश करूंगा।

रैपर बनीं अनुष्का

फिल्लौरी के लिए अनुष्का शर्मा की होम प्रॉडक्शन फिल्म 'फिल्लौरी' का नया गाना 'नॉटी बिल्लो' रिलीज हो गया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, नक्ष अजीज और शिल्पी पॉल ने गाया है। गाने की खास बात यह है कि गाने में अनुष्का ने रैप किया है। यह एक पार्टी सॉन्ग है। गाने में आपको अनुष्का का रैपर अंदाज आपको पसंद आएगा। गाने को अनविता दत्त ने लिखा है और म्यूजिक दिया है शाश्वत सचदेव ने।फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के की है जो अपनी इच्छा के बिना अपने प्यार को मुसीबतों से बचाने के लिए पेड़ से शादी करता है जहां उसकी मुलाकात एक फ्रेंडली भूत से होती है। फिल्म में अनुष्का शर्मा, दिलजीत दोसांझ और सूरज शर्मा लीड किरदारों में नजर आएगें।

सलमान के कारण क्राइम !

पाकिस्तानी अभिनेत्री और गायिका राबी पीरजादा ने अभिनेता सलमान खान पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। राबी ने कहा है कि सलमान खान की फिल्मों के चलते पाकिस्तान में अपराध बढ़ रहा। पाकिस्तान के युवा बॉलीवुड की फिल्में देखकर बर्बाद हो रहे हैं। लाहौर की एक प्रेस कांफ्रेंस में राबी पीरजादा ने कहा कि बॉलीवुड में सभी फिल्में अपराध को केंद्र में रखकर बनाई जाती है। खासकर सलमान खान की फिल्मों में क्रिमिनल एक्टिविटी ज्यादा दिखाई जाती हैं। राबी ने भारतीय फिल्मकारों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैं बॉलीवुड के लोगों से पूछती हूं वे अपने युवाओं के लिए क्या बना रहे हैं? वे युवाओं को क्या सीखाना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि एक समय था जब पाकिस्तान में सामाजिक मुद्दों को उठाने वाली फिल्में बनती थीं, लेकिन बॉलीवुड ने सबकुछ बदलकर रख दिया है।

खुला रेखा के सिंदूर का राज

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा पति मुकेश अग्रवाल की डेथ के बाद भी मांग में सिंदूर भरती आई हैं। उनका सिंदूर हमेशा चर्चा में रहता है कि आखिर वो किसके नाम का सिंदूर अपनी मांग में भरती हैं। हाल ही में एक लीडिंग वेबसाइट ने खुलासा किया है कि रेखा एक्टर संजय दत्त के नाम का सिंदूर लगाती हैं। दरअसल वेबसाइट ने रेखा पर लिखी यासेर उस्मान की किताब 'रेखा द अनटोल्ड स्टोरी' के हवाले से दावा किया है कि उन्होंने संजय दत्त से सीक्रेट मैरिज की थी और वो उन्हीं के नाम की सिंदूर लगाती हैं।वेबसाइट ने दावा किया है कि यासेर उस्मान की किताब में रेखा और संजय दत्त की सीक्रेट मैरिज का चैप्टर शामिल है।